6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

महानगर वर्ष 57 । अंक 246 । पृष्ठ : 22+10 । मूल्य : सात रुपये

# अमर उजाला

शारदीय नवरात्र आज से...मां शैलपुत्री ...अपना शहर

बरेली | सोमवार, 22 सितंबर 2025 आश्विन शुक्ल-प्रतिपदा • विक्रम संवत-

PAGE NO. 11: BOTTOM



एसआरएमएस रिद्धिमा में प्रस्तुति देते कलाकार। स्रोत : संस्था

## सजी संगीत की शाम 'किरवानी के रंग'

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को संगीत की शाम 'किरवानी के रंग' शानदार रही। खास बात यह रही कि इसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ वाद्ययंत्रों पर पाश्चात्य धुनों की जुगलबंदी ने समा बांध दिया।

इंस्ट्रूमेंट गुरु सूर्यकांत चौधरी सहित तमाम गुरुओं और शिष्यों ने विभिन्न वाद्ययंत्रों पर प्रस्तुति दी। वहीं डॉ. नम्रता अग्रावल, विवान अग्रवाल सहित इंस्ट्रूमेंट के कई विद्यार्थियों ने गीतकार संतोष आनंद के लिखे और लक्ष्मीकांत प्यारेलाल का संगीतबद्ध फिल्म का लोकप्रिय गीत- एक प्यार का नगमा है... को श्रोताओं के सामने प्रस्तुत किया। अंत में गुरुओं ने राग किरवानी के शास्त्रीय धुनों पर आधारित गीतों के फ्यूजन को अपने वाद्ययंत्रों पर सजाया। गायन गुरु सात्विक मिश्रा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संचालन दीपाली सक्सेना ने किया।

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. शैलेश सक्सेना, आशीष कुमार, डा. रीता शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद